**Cug No. 9473942683**
**eecdchandauli170@gmail.com**

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)–चन्दौली

पत्रांक – 3171 / पेपर कटिंग/105 दिनाँकः- 27-05-2026

सेवा में,
जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

**विषयः- दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाषित समाचार शीर्षक "जल जीवन मिशन ठेकेदार ने सड़कें क्षतिग्रस्त कीः सकलडीहा में गलियां खोदकर छोड़ी, लोग हो रहे चोटिल" के संबंध में।**

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक हिन्दी दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर में दिनाँक 27-05-26 को प्रकाशित शीर्षक "जल जीवन मिशन ठेकेदार ने सड़कें क्षतिग्रस्त कीः सकलडीहा में गलियां खोदकर छोड़ी, लोग हो रहे चोटिल" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है। सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नक- उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनाँक उपुरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेषक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीणम), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभिन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) चन्दौली।

**समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या**

| क्र. सं. | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | चन्दौली | दैनिक समाचार पत्र दैनिक भास्कर एवं दिनांक- 27.05.2026 | "जल जीवन मिशन ठेकेदार ने सड़कें क्षतिग्रस्त कीः सकलडीहा में गलियां खोदकर छोड़ी, लोग हो रहे चोटिल" | जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सूचीबद्ध कार्यदायी संस्था मेसर्स ऑचन एक्सचेंज के द्वारा महेशुआ पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त योजना में प्रस्तावित कार्य 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 13300 मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 11950 मी0 एवं 835 नग गृह जल संयोजन के सापेक्ष 407 नग का कार्य पूर्ण करा लिया गया है। 01 नग शिरोपरि जलाशय (225 के0एल0/18 मी0) का कार्य प्रगति पर हैं। योजना में पाइप लाइन बिछाने हेतु लगभग 400 मी सी0सी0 सड़क तोड़ी गयी थी। जिसे पूर्व में सड़कों के मरम्मत का कार्य पूर्ण करा दिया गया था। वर्तमान समय में बनायी गयी सड़क लगभग 125 मी बैठ (सेटल) गया है। फर्म के द्वारा कार्य स्थल पर सड़क मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। जिसे अतिशीघ्र पूर्ण करा लिया जायेगा। | |

अधिशासी अभियन्ता


Latitude: 25.320336
Longitude: 83.335884
Elevation: 97.37±18.6 m
Accuracy: 7.225 m
Time: 28-05-2026 12:29
Note: Maheshua
Powered by NoteCam

# जलजीवन मिशन ठेकेदार ने सड़कें क्षतिग्रस्त कीं: सकलडीहा में गलियां खोदकर छोड़ीं, लोग हो रहे चोटिल

ज्ञानेंद्र कुमार सिंह | सकलडीहा, चंदौली

21 घंटे पहले



दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं →
+Follow us
फीडबैक दें

देश
विदेश
राशि...
टेक - ऑटो
फेक न्यूज...
ओ...
मधु...
मैग...
यूटि...
लाइफ -...
मध्य प्रदेश
उत्तर...
राज...
बिहार

चंदौली के सकलडीहा क्षेत्र में जलजीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कें और गलियां मरम्मत के अभाव में ज्यों की त्यों पड़ी हैं। इन क्षतिग्रस्त सड़कों के कारण आए दिन राहगीर गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महेसुआ (नई बाजार) में जलजीवन मिशन के ठेकेदार ने लगभग 500 मीटर सीसी रोड को बीच से तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने इन सड़कों की तत्काल मरम्मत की मांग की है और चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिलीभगत से यह परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। विपक्षी दलों ने भी इस संबंध में कई आरोप लगाए हैं। जलजीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के दौरान विकास खंड के कई गांवों की सीसी, इंटरलॉकिंग और पीच सड़कों तथा गलियों को तोड़ा गया था।

पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं की गई, और वे आज भी टूटी-फूटी हालत में हैं। इसके बावजूद, अधिकतर गांवों में अभी तक पानी की आपूर्ति भी शुरू नहीं हो पाई है। लाखों की लागत से विभिन्न विभागों द्वारा बनाई गई ये सड़कें अब बदहाल हो चुकी हैं।

फीडबैक दें

Download App from
GET IT ON Google Play

Advertise with Us | DB Reporter | Sitemap |



Scanned with OKEN Scanner